बंधक बनाकर महिला से सामूहिक बलात्कार

29 जनवरी 2016 की जीटी रोड स्थित फार्म हाउस की घटना

एटा। मलावन थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने अभियोग दर्ज कराते हुए कहा है कि रामेश्वर सिंह यादव समेत सात लोगों ने 29 जनवरी 2016 को अपने जीटी रोड स्थित फार्म हाउस के कमरे में बंधक बनाकर जवरन बलात्कार किया गया तथा अप्राकृतिक कृत्य किया गया।



विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज कर मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए। जान से मारने की न सिर्फ धमकी दी बल्कि हत्या के इरादे से गले में गमछा डालकर खींच दिया । पीड़िता आरोपितों के डर से अभी तक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं गई थी। क्षेत्राधिकारी नगर विक्रांत द्विवेदी ने बताया है कि रामेश्वर समेत सात लोगों के खिलाफ धारा-376डी, 377, 323, 504, 506, 354ख, 3/4 पोक्सो एक्ट व 3(2)5ए एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

शराब सहित दो पकड़े

कोसीकलां। गांव बठैन रोड स्थित बंबे की पुलिया से गस्त के दौरान थाना पुलिस ने दो युवकों को अवैध हरियाणा मार्का शराब सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। युवकों ने अपने नाम सागर पुत्र वेदप्रकाश निवासी गऊशाला मार्केट होडल हरियाणा, एवं सोहनलाल उर्फ सन्नी पुत्र राजेन्द्र निवासी रेलवे रोड नगला थाना होडल बताया। युवकों के कब्जे से 70 क्वाटर हरियाणा मार्का के बरामद किए गए।

शोक व्यक्त किया

कोसीकलां। नगर के वरिष्ठ कॉग्रेस नेता एवं समाजसेवी महेश महावर की 78 वर्षीय पत्नी किरनदेवी का आकस्मिक निधन हो गया। आकस्मिक हुए उनके निधन से नगर में शोक की लहर दौड़ गयी। राजनैतिक, सामाजिक एवं अध्यात्म से जुड़े सभी संगठनों ने एक शोक सभा का आयोजन कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजली दी।

अवसरों और परिवर्तन के लिए खुद को ब्रांड बनाएं

विषय पर उच्च शिक्षा संस्थानों के परिसरों में एक विकास संवाद

हैदराबाद। यह सेमिनार भारत के माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण को साकार करने और एआईसीटीई के सहयोग से भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की पहल को आगे बढ़ाने के प्रयास में आयोजित किया गया था। सीएचएमआर एजुकेशन सोसाइटी के माननीय अध्यक्ष चौधरी के समर्थन मार्गदर्शन और प्रेरणा से भारत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बीआईईटी में ब्रांड योरसेल्फ फॉर ऑपर्चुनिटीज एंड ट्रांसफॉर्मेशन शीर्षक से एक विकास संवाद आयोजित किया गया था। वेणुगोपाल रेड्डी टीसीएस में क्लाउड सलाहकार सेवाओं के प्रमुख श्री विद्यासागर तेजोमुतुर्ला इस सत्र में विशेष अतिथि वक्ता के रूप में हमारे साथ शामिल हुए। सत्र के बाद गहन प्रश्नोत्तरी हुई। समारोह में बड़ी संख्या में छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। बीआईईटी के निदेशक और डीएलआरएल के पूर्व निदेशक प्रोफेसर जीण कुमारस्वामी राव ने सत्र की अध्यक्षता की। विद्यासागर तेजोमुतुर्ला ने विकासशील भारत के विचार पर प्रकाश डाला। तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों के

छात्रों और संकायों को संबोधित करने का लक्ष्य क्योंकि वे भविष्य के टेक्नोक्रेट और सोशल इंजीनियर हैं जो अपने उत्पादक और जिम्मेदार विचार के साथ देश का नेतृत्व करेंगे और भावी पीढ़ी उभरती होगी। इंजीनियर जो राष्ट्र की भलाई के लिए नए नवाचारों को डिजाइन और कार्यान्वित करेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि संस्कृति और विरासत हमारे विकासशील भारत का गौरव है जो राष्ट्र में एकता का प्रतीक है। उन्होंने क्लाउड सर्विसेज एआई और मशीन लर्निंग के महत्व के बारे में बात कीए जिसने लगभग हर प्रकार के व्यावसायिक क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने विकासशील भारत की पहल में सहयोग के लिए छात्रों के बीच स्टार्टअप और नवाचार के लिए बीआईईटी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। सत्र में वक्ता और छात्रों के बीच विचारों का सक्रिय आदान-प्रदान शामिल था जहां उन्होंने संगठन पर डिजिटलीकरण के प्रभाव कौशल को बढ़ाने सुनना सीखें और धैर्य रखें विदेशी भाषाओं को सीखने में रुचि लेंए अपने ज्ञान को व्यापक बनाने के लिए एमओओसी मंच का उपयोग करेंए समस्या को बनाने के बजाय हल करें। अच्छे शिक्षाविद हों और इंटर्नशिप कार्यक्रम में शामिल हों।

निम्नलिखित संकाय सदस्य डॉ. पापिया दत्ता, डॉ. प्रद्युम्न रंजन घोष, डॉ. अनिर्बान गांगुली, डॉ. सत्यब्रत सिंघा, डॉ. सुभोजित आइच श्रीमती। नाहिद अख्तर, श्रीमती पूजा नायर, रोमी सिन्हा और अन्य संकाय समन्वय।

सड़क किनारे पड़ा मिला दुकानदार का शव

दीपावली त्योहार पर दुकान का सामान लेने गया था जलेसर

एटा। जलेसर परचून का सामान लेने गए एक दुकानदार का शव सड़क किनारे खड्ढ में पड़ा मिला। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर मौत का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जलेसर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम लोधीपुर निवासी राजकुमार (35) नंदराम गांव में ही परचून की दुकान करता था। दीपावली त्यौहार आने के कारण वह दुकान का सामान लेने मंगलवार को सायं जलेसर कस्बा गया था। देर रात तक जब राजकुमार घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। काफी खोजबीन करने के पश्चात राजकुमार का शव रात करीब 12 बजे जलेसर क्षेत्र के इसौली रोड स्थित मोहनपुर गांव के पास सड़क किनारे खड्ढ में पड़ा मिला। मोटरसाईकिल और सामान भी वहीं पड़ा हुआ था। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सड़क हादसे की आशका व्यक्त की। मौत का कारण जानने के लिए पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिवार के लोग एवं इंसैट में मृतक राजकुमार का फाइल फोटो----------छाया आज।

कपिल देव की याद दिला दी

मुंबई। टनब्रिज वेल्स में 1983 में वह सर्दियों की सुबह थी और 40 साल बाद वानखेड़े स्टेडियम पर गुनगुनी शाम, लेकिन जीत का वही जुनून और बल्ले से रनों के रूप में वही आतिशबाजी क्रिकेट की इतिहास पुस्तिका में हमेशा के लिये दर्ज हो गयी। उस समय कपिल देव थे तो अब ग्लेन मैक्सवेल। जिम्बाब्वे के खिलाफ इंग्लैंड में विश्व कप के उस मैच में भारत के पांच विकेट 17 रन पर गिर चुके थे तो अफगानिस्तान के खिलाफ इस विश्व कप में आस्ट्रेलिया ने सात विकेट 91 रन पर गंवा दिये थे। 25 जून 1983 को टीम मैनेजर पी आर मान सिंह ने कपिल की बल्लेबाजी के दौरान के. श्रीकांत को बाथरूम जाने नहीं दिया था और वह एक ही जगह पर खड़े रहे। कपिल की बल्लेबाजी के दौरान ड्रेसिंग रूम में कोई जगह से नहीं हिला।

जहरखुरानों ने यात्री को लूटा

एटा। दिल्ली से आ रहे बस सवार एक यात्री को जहरखुरानी गिरोह के सदस्यों ने लूट लिया। उसको उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। देर सायं तक उसे होश नहीं आ सका था। रोडवेज बस में सफर कर रहे एक यात्री को जहरखुरानी गिरोह के सदस्यों ने नशीला पदार्थ खिलाकर लूट लिया। बस परिचालक ने एटा आकर इसको बेहोश बस में पड़ा देखा तो कंडक्टर द्वारा उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।

इंग्लैंड ने नीदरलैंड को160 रन से हराया

पुणे विश्व कप के 40वें मैच में इंग्लैंड ने नीदरलैंड को 160 रन से हरा दिया। पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इंग्लैंड ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 339 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 37.2 ओवर में 179 रन पर सिमट गई। इस हार के साथ ही वह विश्व कप से बाहर होने वाली चौथी टीम बन गई। इंग्लैंड की टीम ने अपने आखिरी लीग मैच में शानदार जीत हासिल की। उसने नीदरलैंड को 160 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड के खाते में दो अंक जुड़ गए। उसके आठ मैचों में चार अंक हो गए। इंग्लैंड को छह मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। इंग्लैंड अंक तालिका में 10वें से सातवें स्थान पर आ गया है।

ब्रजधरा में स्थलचर, जलचर, वायुचर का उद्धार निश्चित है-पं. प्रदीप मिश्रा

कोसीकलां। नगर के समीप हाइवे किनारे स्थित श्रीजी निकुंज में आयोजित 7 दिवसीय श्री गोपेश्वर गोपी शिव महापुराण कथा के छटवे दिवस ब्रज के कण कण में कृष्ण एवं शिव का वास है। यहां आने वाले प्रत्येक स्थलचर, जलचर, वायुचर का उद्धार निश्चित है। वह स्वर्ग नरक न जाकर सीधे कैलाश पर पहुंचता है।

कथा के छटवे दिवस कथा व्यास पं. प्रदीप मिश्रा ने बताया कि श्री गोपेश्वर गोपी शिव महापुराण के अनुसार ब्रज चैरासी कोष में जो भी स्थलचर, जलचर व वायुचर गलती से भी प्रवेश कर जाता है तो वह सीधे कैलाश पर पहुंच शिव के गणों में अपना स्थान सुनिश्चत कर लेता है। चूंकि नरक में जाने वाला व्यक्ति अपने पापों का प्रश्चद कर पुनः पृथ्वी लोक पर ढकेल दिया जाता है इसी प्रकार स्वर्ग में जाने वाले व्यक्ति को भी उसके पुन्न कर्म का समय पूरा होने के बाद पृथ्वी लोग पर ढकेल दिया जाता है। लेकिन शिव महापुराण के अनुसार ब्रज की धरती पर चरण रखने वाला इन सभी व्याधियों से मुक्त हो जाता है। उन्होने कहा कि भगवान भोलेनाथ भूतेश्वर रूप में ब्रज के कोतवाल है, जो कि ब्रज की धरा पर कदम रखने वाले सभी जीवधारियों

कथा का रसपान कराते कथा व्यास पं. प्रदीप मिश्रा।

का लेखाजोखा अपने पास रखते हैं। कथा में सीयाराम बाबा, माधवदास मौनी बाबा, सुभाष वांसईया, सौरभ वांसईया, पं. मोर मुकुट शस्त्री, वेदप्रकाश गोयल, कमल किशोर वार्ष्णेय, पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, रेनू वांसईया, सोनल वांसईया, विनोद जैन आदि सहित दूर दराज प्रांतों से आए लाखों महिला पुरूष श्रद्धालू उपस्थित रहे।

डीएम ने पराली का सदुपयोग करने वाले 50 किसानों को किया सम्मानित

एटा। प्रदेश एवं देशभर में धान की पराली मुसीबत और पर्यावरण के लिए बड़ा संकट बनी हुई थी, जिसके उपरान्त शासन के निदेर्शानुसार जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि विभाग सहित अन्य विभागीय कर्मचारियों द्वारा बैठक, गोष्ठियों के माध्यम से पराली न जलाने एवं पराली का सदुपयोग करने के संबंध में वृहद स्तर पर जागरूक किया जाए, जिसके उपरान्त किसान भाई जागरूक हुए। किसानों को बताया गया कि वे अपनी धान की फसल की कटाई वे कम्बाइन हार्वेस्टर मशीन जिसमें पराली प्रबंधन सिस्टम लगा हुआ है, उसके माध्यम से से ही कराएं। क्योंकि इससे एक तरफ तो हमारा पर्यावरण दूषित होने से बचेगा, तो दूसरी ओर हम पराली को खाद के रूप में प्रयोग कर सकते हैं। इसके अलावा किसानों को यह भी बताया गया कि वे धान की फसल की कटाई जमीन की सतह से कराते हुए फसल अवशेष में आग न लगाएं। फसल अवशेष को खेत में ही पलट दें अथवा अन्य उपयोग में लाएं। फसल अवशेष सड़ाने के लिए डी कम्पोजर/यूरिया का प्रयोग कर सकते हैं।

डीएम प्रेम रंजन सिंह ने शासन के निदेर्शानुसार जनपद में किसान भाईयों से अपील की थी कि वे पराली का सदुपयोग करें, खेतों में पराली को न जलाएं, क्योंकि यदि किसान दिन में अथवा रात में किसी भी समय पराली, फसल अवशेष जलाते हैं, तो उसकी रिकार्डिंग सेटेलाईट द्वारा २४ घन्टे की जाती है और वे किसी भी प्रकार से बच नहीं सकते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि ऐसे किसान जो पराली को अपने खेत में नहीं जलाएंगे और पराली का सदुपयोग खाद के रूप में, पशुओं को खिलाने के रूप में करेंगे तो ऐसे किसानों को जनपद मुख्यालय पर सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी की पहल को कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के ग्राम स्तरीय कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर जागरूक करते हुए अवगत कराया गया। जिसके उपरान्त किसान भाई बड़ी संख्या में जागरूक हुए और उन्होंने पराली के सदुपयोग को अपनाया। इसी क्रम में उप कृषि निदेशक रोताश कुमार, जिला कृषि अधिकारी मनवीर सिंह ने प्रति ब्लाक क्षेत्र से ६-७ ऐसे किसानों को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया, जिन्होंने पराली का सदुपयोग किया हो।

जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में पराली प्रबंधन करने वाले किसानों को सम्मानित किए जाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा ब्लाक शीतलपुर क्षेत्र के ०६ किसान, सकीट के ०६, मारहरा के ०९, निधौलीकलां के ०५, अवागढ़ के ०६, जलेसर के ०६, जैथरा के ०६, अलीगंज के ०६ सहित कुल ५० कृषकों को प्रशस्ती पत्र देकर एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान देव सिंह निवासी ग्राम विजयपुर ब्लाक मारहरा, गोपाल मिश्रा निवासी ब्लाक जैथरा, प्रताप सिंह वर्मा निवासी ग्राम विजयपुर ब्लाक मारहरा, मुकेश कुमार यादव निवासी ग्राम छछैना ब्लाक सकीट आदि किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए अवगत कराया कि उन्होंने बड़ी संख्या में धान की फसल करने के उपरान्त पराली के सदुपयोग किया। उन्होंने बताया कि वे पराली से आत्म निर्भर की दिशा में कार्य कर रहे हैं और पराली प्रबंधन से प्रतिवर्ष लगभग २०-५० हजार रुपए की आमदनी करते हैं। कुछ किसानों ने बताया कि वे पराली के छोटे-छोटे बंडल बनाकर पशुपालकों को विक्री करते हैं, जिससे उनकी अतिरिक्त आय होती है।

पराली न जलाने वाले किसान को सम्मानित करते हुए अधिकारी-छाया आज।

पोषाहार वितरण व ग्राम निधि, आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न

आज प्रत्येक ग्राम में ग्राम चौपाल का होगा आयोजन

बनाएं जाएंगे आयुष्मान कार्ड, केसीसी

एटा। डीएम प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पोषाहार वितरण, आयुष्मान भारत योजना, ग्राम निधि की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएम ने सर्वप्रथम आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पोषाहार वितरण की समीक्षा कर निर्देश दिए कि सभी केन्द्र समय से खुलने चाहिए, सीडीपीओ, सुपरवाईजर द्वारा नियमित रूप से आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जाए। बुधवार, शनिवार को आयोजित होने वाले वीएचएनडी सत्र के दौरान सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहकर टीकाकरण कराने में अपना अपेक्षित सहयोग प्रदान करें। यदि आंगनवाड़ी केन्द्र बंद मिला, तो संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकत्री के साथ-साथ सुपरवाइजर, सीडीपीओ की जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त कार्यवाही की जाएगी।

डीएम ने निर्देश दिए कि ०९ नवम्बर को प्रत्येक ग्राम में ग्राम चैपाल का आयोजन किया जाए, जिसमें ग्राम स्तरीय कर्मचारियों की मदद से आयुष्मान कार्ड बनाएं जाएंगे। इसके साथ ही गांव में ऐसे किसान जो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी हैं, उनको किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छदित किया जाएगा। सभी बीडीओ ब्लाक से पात्र लाभार्थियों की सूची पंचायत सचिवों को उपलब्ध करा दें, जिससे कि चैपाल के दौरान कोई समस्या उत्पन्न न हो। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी ग्राम पंचायतों में चैपाल का आयोजन हो, अन्यथा की स्थिति में जनचैपाल का आयोजन न होने पर संबंधित पंचायत सचिव, एडीओ पंचायत, बीडीओ की जिम्मेदारी तय होगी।

डीएम ने पंचायतीराज विभाग के अन्तर्गत ग्राम निधि की समीक्षा करते हुए उपस्थित बीडीओ, एडीओ पंचायत को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों में ग्राम निधि का भुगतान अनावश्यक लंबित न रहे। कार्य के उपरान्त समय से भुगतान हो। पंचायत सचिवों द्वारा कराये जा रहे कार्यो की मॉनीटरिंग की जाए, मानक एवं गुणवत्ता की अनदेखी कतई नहीं होनी चाहिए। पंचायत सचिवों की वीसी के माध्यम से समीक्षा करें।

बैठक करते हुए जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह------छाया आज।

पटाखों के भंडार की सूचना पर अग्नि शमन विभाग ने मारा छापा

एटा। अवागढ के मोहल्ला अखाड़ा चैराहा और रायान वाली गली में पटाखों के भंडारण की सूचना पर थाना पुलिस के साथ अग्नि शमन अधिकारी एटा की टीम ने छापा मार कार्रवाई की। लेकिन हाथ कुछ भी नहीं लगा जबकि कस्बे में दर्जनों स्थानों पर लाखों रुपए की आतिशबाजी का भंडारण भरा पड़ा है। दिवाली के मद्देनजर पटाखों से होने वाले प्रदूषण को रोकने तथा किसी अप्रिय घटना न हो इसके लिए पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। इसी के तहत पटाखे की बिक्री को बाजार में ना होने देने और भंडारण शहर से बाहर रखने, लाइसेंस सहित खुले स्थान पर बिक्री करने को लेकर कस्बे के मोहल्ला अखाड़ा चैराहा स्थित सौरभ कुमार की दुकान और मकान पर अग्नि शमन विभाग के अधिकारी और अवागढ़ थाना पुलिस ने मय फोर्स के छापेमारी की। लेकिन पुलिस को कुछ भी हाथ नहीं लगा। पुलिस की कार्रवाई से पटाखा बेचने वालों में हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी जयेंद्र प्रसाद मौर्य ने बताया कि पटाखा भंडारण की सूचना पर तलाशी ली गई थी। पटाखा बेचने के लिए मिनी बाईपास स्थित बंद धान मिल में लाइसेंस वाले व्यापारी ही पटाखा बिक्री कर सकते हैं बाजार में किसी भी तरीके से आतिशबाजी की बिक्री नहीं होने दी जाएगी।

आतिशबाजी विक्रेताओं का अस्थाई लाइसेंस 10 से 12 नवम्बर तीन दिन से अधिक का जारी न किया जायें-एडीएम

एटा । अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन/प्रभारी अधिकारी शस्त्र आलोक कुमार के द्वारा उप जिला मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया है कि दीपावली का पावन त्यौहार दिनांक 12 नवम्बर 2023 को मनाया जायेगा। इस त्यौहार पर व्यापारियों द्वारा आतिशबाजी विक्रय हेतु अपनी-अपनी दुकानें लगाई जाती रही है, जिसके लिए आपकी तहसील क्षेत्रान्तर्गत आने वाले समस्त व्यापारियों द्वारा आतिशबाजी विक्रय किये जाने हेतु अस्थाई लाइसेंस की मॉग की जाती है, जो आपके स्तर से जारी किया जाता है। उन्होनें कहा के सुरक्षा के दृष्टिगत रखते हुये निर्णय लिया गया है कि नगरीय क्षेत्र में जी0आई0सी0 ग्राउण्ड, एटा में समस्त आतिशबाजी विक्रेताओं की दुकानें लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि आतिशबाजी विक्रेताओं का अस्थाई लाइसेंस दिनांक 10 नवम्बर 2023 से 12 नवम्बर 2023 तीन दिन से अधिक का जारी न किया जायें।

एसडीएम व खाद्य सुरक्षा टीम ने जलेसर मे निरीक्षण कर की कार्यवाही

एटा। शासन के निर्देश क्रम में जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने दीपावली, भैयादूज सहित अन्य त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में मिठाई की दुकानों की चेकिंग करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील जलेसर क्षेत्र में एसडीएम जलेसर नितिन तेवतिया, सहायक आयुक्त डॉ श्वेता सैनी ने अपनी टीम के साथ दीपावली पर्व को दृष्टिगत मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु खाद्य पदार्थों की जांच की एवं नमूने संग्रहित किये। दीपावली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जाँच हेतु नमूना संग्रहित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को तहसील जलेसर क्षेत्र के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जलेसर बाजार स्थित अग्रवाल प्रोविजन स्टोर से खुले सरसों के तेल का नमूना संग्रहित कर लगभग ६० लीटर सरसों के तेल जिसका अनुमानित मूल्य लगभग रुपए ६८००/- को मौके पर सीज कर दिया गया।

अलग-अलग स्थानों से लाखों की चोरी

जलेसर में चोरी के बाद खुली पड़ी अलमारी।

एटा। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा लाखों की चोरी को अंजाम दिया है। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। समाचार जाने तक एक भी चोर पुलिस गिरफ्त में नहीं आ सका था। जलेसर निवासी अभय प्रकाश अग्रवाल पुत्र जयप्रकाश अग्रवाल की दुकान तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा पीतल का सामान चोरी कर लिया। जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो यह माजरा देख दंग रह गया। आसपास लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने कुछ नहीं पता पाया। पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है।

वहीं अलीगंज के मोहल्ला लुहारी दरवाजा निवासी विनोद कुमार पुत्र सोजीराम का कहना है कि उसकी दुकान कस्बा के किला रोड पर है। अज्ञात चोरों द्वारा पीड़ित की दुकान की छत काटकर अंदर घुस गए। चोरों ने दुकान के अंदर से 5 हजार रुपए व मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया है। इधर अलीगंज के नजबअली पुत्र सत्यप्रकाश का कहना है कि उसकी दुकान भी अलीगंज के किला रोड पर है। अज्ञात चोरों ने दुकान के जीना का दरवाजा तोड़कर दुकान में घुसकर 15 हजार रुपए चोरी किए हैं। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया है। इसके अलावा अलीगंज के मोहल्ला कूंचादायम निवासी हाजी आशिफ उल्ला पुत्र शरीफ उल्ला ने बताया कि उसके मकान की छत से लकडी का दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुसकर अज्ञात चोरों ने 6 जोड़ी जूते, 10 हजार रुपए चोरी किए हैं। पुलिस ने यह भी चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी बीमारियों ने पसारे पैर, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

चारपाई पर लेटा बुखार से पीड़ित व्यक्ति-छाया आज।

एटा। विकास खंड अलीगंज के तीन गांव में रहस्यमई बुखार ने इन दिनों कहर बरपा रखा है।बुखार से पीड़ित लोगों ने बताया की सात हजार की आबादी वाले इन तीनों गांव के अस्सी फीसदी लोग बुखार से पीड़ित हैं।जिनकी संख्या हजारों में है।लोग बीमार पड़ने के बाद सरकारी व निजी अस्पतालों में इलाज ले रहे हैं।

हजारों रुपए खर्चने के बाद बुखार से निजात मिल पा रही है।हालांकि गांव के लोगों ने बताया स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव में कार्य कर रही हैं। ब्लड सैंपल भी लिए गए है परंतु रिपोर्ट में क्या आया है ये नही बताया गया है।बुखार से ग्रसित लोगों ने बताया की तीव्र बुखार आता है जिसकी वजह से बेहद कमजोरी।

हाथ पैरों में दर्द सूचना जैसे लक्षण पाए गए हैं।गाव में घर चारपाइयां पड़ी हैं। अधिकांशतः लोग जिला मुख्यालय और पड़ोस के जनपद फरुर्खाबाद कायमगंज और अलीगंज इलाज लेने जा रहे है।बुखार की इस बीमारी से हाहाकार मचा हुआ है।विकास खंड के बिलसड़ पुवायां, पछायां,पट्टी में रहस्यमई बुखार पैर पसारे हुए है।बुखार से पीड़ित लोगों ने अपना दर्द बयां करते हुए अपनी दास्तां बताते हुए शासन और प्रशासन से समुचित इलाज करवाए जाने की गुहार लगाई है।

ICICI Home Finance | कारपोरेट कार्यालय:-आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड,आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अन्धेरी-कुर्ला रोड, अन्धेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059 इण्डिया।
शाखा कार्यालय:- ऑफिस नंबर-8, दूसरी मंजिल, सुमृद्धि बिजनेस सूट, 38/4-ए, संजय प्लेस आगरा- 282002

(देखें-नियम-8 (6) के प्राविधान)

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) रूल्स-2002 के नियम-8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट)एक्ट-2002 के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।
एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर को बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है के आधार पर बिक्री की जायेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सहकर्जदारों/गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूतिव सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	आशा देवी (कर्जदार) अजय सिंह (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LHAGR00001280942	फ्लैट नं०-एस.-83, द्वितीय तल, ई-विंग, सिंघल ड्रीम सिटी, मौजा लदमादा आगरा-282001	रू. 15,09,200/- 31 अक्टूबर 2023	रू. 13,99,860/- रू. 1,39,990/-	04 दिसम्बर 2023 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	19 दिसम्बर 2023 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे
2.	अनवर हुसैन (कर्जदार) मुनब्बर हुसैन (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LHAGR00001336476 & LHAGR00001336739	1,मोहल्ला नूर नगर मौजा दीदामई तहसील और जिला फिरोजाबाद मध्यमवर्गीय 1 आगरा, उत्तर प्रदेश	रू. 20,70,787/- 31 अक्टूबर 2023	रू. 18,37,350/- रू. 1,83,740/-	04 दिसम्बर 2023 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	19 दिसम्बर 2023 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे

आन लाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक के वेबसाइट (URL Link-/https://BestAuctionDeal.com) हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक पर संचालित की जायेगी/बंधक कर्ताओं को 18 दिसम्बर,2023 तथा अपराह्न-5.00 बजे के पूर्व तक अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया का भुगतान करने के लिये अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अन्यथा इन सिक्योर्ड सम्पत्तियों को उपरोक्त शेड्यूल के अनुसार बिक्री कर दी जायेगी।
अपेक्षिक बिडर्स धरोहर धनराशि जमा (ई.एम.डी.) आर.टी.जी.एस./डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) (कालम/(ई) देखे) को आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड ऑफिस नंबर-8, दूसरी मंजिल, सुमृद्धि बिजनेस सूट, 38/4-ए, संजय प्लेस आगरा- 282002 पर 18 दिसम्बर,2023 के पूर्व अथवा तक अपराह्न 04.00 बजे के पूर्व अवश्य जमा कर देवे/ कृपया ध्यान दे यदि अपेक्षित बिडर्स उपरोक्त समय के अनुसार अपने आफर जमा करने में असमर्थ होगे तब निविदा प्रपत्रों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि आई.सी.आई. सी. आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड ऑफिस नंबर-8, दूसरी मंजिल, सुमृद्धि बिजनेस सूट, 38/4-ए, संजय प्लेस आगरा- 282002 पर 18 दिसम्बर,2023 के पूर्व अथवा तक अपराह्न 5.00 बजे पूर्व जमा किया जा सकता है। धरोहर धनराशि जमा डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-आक्शन के पक्ष में आगरा में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड- स्थान आगरा के नाम होना चाहिये।
निरीक्षण, नीलामी की नियम तथा शर्ते अथवा निविदा के जमा के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड से 022-69974300 या हमारे सेल्स और मार्केटिंग हिस्सेदार नैक्सजेन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड से सम्पर्क किया जा सकता है।
अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तो हेतु कृपया https://www.icicihfc.com देखें।

दिनांक: 09 नवम्बर 2023 अधिकृत अधिकारी
स्थान: आगरा। आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड